an>

Title: Regarding transfer of Salt Pan Lands in Mumbai under the Ministry of Commerce and Industries.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) **: उपाध्यक्ष महोदय, मुम्बई में सॉल्ट पेन की लगभग 2177 हेक्टेयर लैण्ड है और उसको महाराÂट्र सरकार को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव महाराÂट्र सरकार ने केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को दिया था, लेकिन अभी तक वह लैण्ड स्थानांतरित न होने की वजह से लीगल प्राब्लम वहां हो रही हैं। वर्ष 2001 में केन्द्रीय कैबिनेट ने भी उसकी मंजूरी दी थी, अगर लैण्ड महाराÂष्ट्र सरकार को हेण्डओवर या ट्रांसफर होती है तो वÂर्ष 2022 तक सभी को सरकार द्वारा आवास देने की जो योजना है, वह कार्यान्वित हो सकती है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के छेड़ा नगर में रेज़ीडेंशियल कॉलोनी है, जो कि सॉल्ट पेन लैण्ड पर है, उनके पास ऑनरशिप न होने की वजह से लीगल प्रॉब्लम फेस करनी पड़ रही है। एनटॉप हिल एरिया में भी स्लम एरिया है। एसआरए राज्य सरकार का प्रोजेक्ट है, वह भी इम्पलीमेंट नहीं हो रहा है, सॉल्ट पेन लैण्ड के लिए अगर केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एनओसी देता है तो ये सभी रीडेवलपमेंट के प्रोजेक्ट कम्पलीट हो जाएंगे। इसके अलावा मुम्बई म्युनीसिपल कॉर्पोरेशन ने जो डेवलपमेंट प्लान बनाया है, जो कि सॉल्ट पेन लैण्ड पर है, अगर वे प्लॉट म्युनीसिपल कॉर्पोरेशन को हेण्डओवर हो जाते हैं तो इससे पब्लिक को सुविधा मिलेगी।**